**भारत – मेडागास्कर संबंध**

भारत के कई शताब्दियों से मेडागास्कर के साथ समुद्री संपर्क हैं तथा मेडागास्कर की यात्रा तथा मेडागास्कर में भारतीय सौदागरों के बसने का इतिहास कम से कम 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से जुड़ा है। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में तथा 20वीं शताब्दी के शुरूआती वर्षों में भारत से मेडागास्कर में व्यक्तियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई तथा भारतीय मूल के व्यक्तियों ने कारोबार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना शुरू किया। भारत में 1954 में अंटानानारिवो में एक कांसुलेट जनरल खोला जिसकी वजह से वर्ष 2014 भारत और मेडागास्कर के बीच राजनयिक संबंधों का डायमंड जुबली वर्ष हो गया। 1960 में मेडागास्कर के आजाद हो जाने पर कांसुलेट जनरल को दूतावास के रूप में अपग्रेड कर दिया गया। भारत और मेडागास्कर के बीच सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं।

हालांकि भारत की ओर से मेडागास्कर की कोई उच्च स्तरीय यात्रा नहीं हुई है, फिर भी मेडागास्कर की ओर भारत की उच्च स्तरीय एवं मंत्री स्तरीय यात्राएं नियमित अंतराल पर होती रहती हैं। उच्चस्तरीय द्विपक्षीय यात्राओं की सूची जो अब तक हुई हैं :

**मेडागास्कर की ओर से यात्राएं**

| क्रम संख्या | आगंतुक का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री डिडेयर रतसिराका, राष्ट्रपति | 1980, 1983 |
| 2. | मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल | 2000 |
| 3. | विदेश मंत्री श्री लीला हनित्रा रातसिफांड्रिहामनाना | 2001 |
| 4. | विदेश मंत्री श्री मार्केल रंजीवा | 2005 |
| 5. | राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ | फरवरी 2006 |
| 6. | कृषि मंत्री श्री मारिअस रटोलोजनहरी | जुलाई, 2007 |
| 7. | अर्थ, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री युवो हांसिना रजाफिमाहेफा; और कृषि मंत्री श्री मैरियस राटोलोजनहारी | मार्च 2008 |
| 8. | कृषि मंत्री श्री मारिअस रटोलोजनहरी | नवंबर 2008 |
| 9. | विदेश मंत्री श्री पेरियट जे राजाओनारिवेलो | नवंबर 2012 |
| 10. | स्वास्थ्य मंत्री प्रो. श्री मैमी ललाटियाना एंड्रीयामैनरिवो | अगस्त, 2015 |
| 11. | राष्ट्रपति श्री हेरी राजाओनारिमैमपिनानिना (नई दिल्ली में आई ए एफ एस 3 में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री सुश्री ब्रिट्रिस अटलाह और कृषि मंत्री श्री रोलोंड रावोटोमांगा के साथ) | अक्टूबर, 2015 |

**भारत की ओर से यात्राएं**

| क्रम संख्या | आगंतुक का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री पी. ए. संगमा, वाणिज्य राज्य मंत्री | 1985 |
| 2. | श्री हरी किशोर सिंह, विदेश मंत्री | 1990 |

**द्विपक्षीय विकास सहयोग :**

भारत सरकार ने चावल की उत्पादकता बढ़ाने तथा उर्वरक संयंत्र स्थापित करने के लिए मेडागास्कर को 25 मिलियन अमरीकी डालर की रियायती ऋण सहायता प्रदान की थी जिससे मेडागास्कर में भारत की छवि काफी अच्छी हो गई है। मेडागास्कर के कृषि मंत्री श्री मैरिस रातोलोजानाहेरी ने इस संबंध में भारत के एक्जिम बैंक के साथ वर्ष 2008 में नई दिल्ली में एक करार पर हस्ताक्षर किया था। यह परियोजना क्रियांन्वयन के अधीन है।

**ग्रामीण विकास में भू-सूचना विज्ञान अनुप्रयोग केंद्र (सी जी ए आर डी) :**

मेडागास्कर में ग्रामीण विकास में भू-सूचना विज्ञान अनुप्रयोग केंद्र (सी जी ए आर डी) स्थापित करने के लिए संभाव्यता अध्ययन का संचालन करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, भारत सरकार के एक विशेषज्ञ ने 17 से 22 मार्च 2015 के दौरान मेडागास्कर का दौरा किया। सी जी ए आर डी स्थापित करने के लिए एम ओ यू को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**आर्थिक मदद / सहायता :**

भारत सरकार ने वर्ष 2013 के पूर्वार्ध में ट्रापिकल चक्रवात 'हरूना' की वजह से हुई क्षति के लिए आपदा राहत के रूप में मेडागास्कर को 100,000 अमरीकी डालर की नकद सहायता प्रदान की। अप्रैल 2015 में, चेड्जा चक्रवात के पीड़ितों को 200,000/- अमरीकी डॉलर (585,964,840/- एआर) की नकद सहायता प्रदान की गई। भारत ने देश में हाल ही (जुलाई 2015) में आयोजित नगर निगम एवं स्थानीय चुनावों के लिए मेडागास्कर को 31,38,000.00 रुपए कीमत की अमिट स्याही भी प्रदान की।

**क्षमता निर्माण कार्यक्रम :** दक्षिण – दक्षिण सहयोग के अंग के रूप में भारत का फोकस क्षमता निर्माण पर है जिसमें अत्यधिक कुशल / तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण शामिल है जिसके लिए ऐसे पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो आई टी ई सी तथा भारत – अफ्रीका मंच शिखर बैठक छात्रवृत्ति के तहत प्रदान किए जाते हैं जिन्हें बड़े पैमाने पर स्थानीय आबादी द्वारा सराहा गया है। आई टी ई सी के तहत दो रक्षा स्लॉट भी संस्वीकृत किए गए हैं जिसका उपयोग मेडागास्कर की आर्मी एवं नेवी दोनों के कार्मिकों द्वारा किया जा सकता है। 2014-15 के दौरान मेडागास्कर के छात्रों ने 73 आई टी ई सी स्लाटों, आई ए एफ एस के तहत 10 स्लाटों तथा आई सी सी आर के तहत 12 स्लाटों और आर टी एफ - डी सी एस के तहत एक स्लाट का उपयोग किया। 2015-16 के दौरान भी मेडागास्कर आई टी ई सी और आई ए एफ एस के तहत क्रमश: 45 एवं 8 स्लाटों का उपयोग करने में समर्थ हुआ है।

मेडागास्कर अखिल अफ्रीकी नेटवर्क परियोजना का लाभार्थी है जिसे वर्ष 2016 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर अब तक 330 छात्रों ने इमैलाका विश्वविद्यालय के सहयोग से प्रस्तावित दूर शिक्षा सुविधाओं में पंजीकरण कराया है जिसमें से आज तक 34 छात्रों ने अपनी शिक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। मेडागास्कर चिकित्सा संस्थान (आई एम एम) के सहयोग से टेलीमेडिसिन की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। 2010 में इसकी शुरुआत से अब तक 109 टेलीमेडिसिन परामर्श की व्यवस्था की गई है तथा परियोजना की टेलीमेडिसिन सुविधा का उपयोग करके 12 रोगियों ने भारत में अपना उपचार कराया है।

**द्विपक्षीय व्यापार :** भारत और मेडागास्कर के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2013-14 तक निरंतर बढ़ रहा था, हालांकि यह अपनी क्षमता से काफी नीचे था। मेडागास्कर को भारत द्वारा किए जाने वाले निर्यात में 2014-15 में गिरावट आई है। निर्यात के लिए सीधे नौप्रेषण के समुचित मार्गों तथा बैंकिंग सुविधाओं का अभाव भारतीय निर्यात में गिरावट की रूझानों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। पिछले तीन वर्षों से द्विपक्षीय व्यापार के आंकड़े यहां नीचे दिए गए हैं :

*(मिलियन अमरीकी डालर में)*

| | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 (अप्रैल - सितंबर) |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत का निर्यात | 123.63 | 154.52 | 238.74 | 167.19 | 97.99 |
| भारत का आयात | 82.75 | 72.88 | 52.84 | 95.29 | 55.09 |

*स्रोत : डी जी एफ टी*

मेडागास्कर से भारत को जिन वस्तुओं का निर्यात किया जाता है उनमें मुख्य रूप से कॉफी, मसाले, खाद्य तेल, नमक, सल्फर एवं अर्थ, आवश्यक तेल एवं वेजीनायड, बेस मेटल, बहुमूल्य एवं अर्ध बहुमूल्य पत्थर आदि शामिल हैं। भारत की ओर से जिन वस्तुओं का आयात किया जाता है उनमें मुख्य रूप से अनाज, परिधान के उत्पाद, लोहा एवं इस्पात, कपास, भेषज उत्पाद, पिसाई उद्योग के उत्पाद, चीनी एवं शुगर कनफेक्शनरी आदि शामिल हैं।

**भारत के साथ आर्थिक एवं वाणिज्यिक संबंध :**

चुनी हुई लोकप्रिय सरकार के सत्ता में आने के बाद तथा इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिल जाने पर भारतीय कंपनियां मेडागास्कर में निवेश करने में अपनी रूचि फिर से दर्शा रही हैं।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) तथा मेडागास्कर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार बोर्ड (आई टी बी एम) ने आर्थिक संबंध बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में 8 मार्च, 2014 को एक समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किया है।

भारतीय कंपनियों के लिए व्यापार एवं निवेश दोनों से संबंधित अवसरों का मूल्यांकन करने के लिए भेषज पदार्थ, कृषि व्यवसाय एवं निवेश के क्षेत्रों में एक बाजार सर्वेक्षण का आयोजन दूतावास द्वारा किया गया तथा मार्च, 2014 में इसकी रिपोर्ट प्रकाशित हुई। उसी माह एक कैटलॉग शो की भी व्यवस्था की गई जिसमें भारत की उन कंपनियों ने भाग लिया जिन्होंने मेडागास्कर में पहले से ही निवेश कर रखा है। अक्टूबर 2015 में मेक इन इंडिया पहल के तहत एक व्यापार संवर्धन पहल का आयोजन किया गया।

**भारतीय निवेश :** भारतीय कंपनियों द्वारा मेडागास्कर में तकरीबन 907.4 मिलियन डालर का निवेश किया गया है जो मुख्य रूप से खनन, तेल एवं गैस क्षेत्र, दूर संचार क्षेत्र तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में है। *(स्रोत अंकटाड सांख्यिकी : 2011)* भारतीय कंपनियों जो मुख्य रूप से खनन, तेल एवं गैस क्षेत्र, दूर संचार क्षेत्र तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में है। मोबाइल टेलीफोन के मामले में एयरटेल मुख्य खिलाड़ी है तथा डाक्टर अग्रवाल आई हास्पिटल स्वास्थ्य क्षेत्र में मुख्य खिलाड़ी है। अन्य भारतीय कंपनियों, जिन्होंने मेडागास्कर में निवेश किया है परंतु संकट की वजह से अभी तक अपना प्रचालन शुरू नहीं किया है, उनमें टाटा, एस्सार, वरूण इंडस्ट्रीज, जिम्पेक्स ओशो वेंचर्स, सहारा (इंडिया), डायमंड सीमेंट, जिंदल आदि शामिल हैं। तेल एवं गैस सहित खनन क्षेत्र में मेडागास्कर में बहुत संभावनाएं हैं।

**सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संबंध :**

हालांकि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच किसी उल्लेखनीय सांस्कृतिक यात्रा का आदान – प्रदान नहीं हुआ है, फिर भी मेडागास्कर के लोग जीवंत पी आई ओ समुदाय की वजह से भारतीय संस्कृति से अच्छी तरह परिचित हैं। भारतीय टीवी चैनलों को स्थानीय केबल आपरेटरों द्वारा केबल टीवी पैकेज में शामिल किया जाता है। दूतावास द्वारा उपलब्ध कराई गई भारतीय मूवी को नेशनल टीवी पर भी टेलीकास्ट किया गया है। मशहूर टीवी सीरियल कभी कभी का नेशनल टीवी पर प्रसारण किया गया। स्थानीय संगठनों के सहयोग से दूतावास द्वारा आयोजित फिल्म शो सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आई डी वाई) 2015 :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरी दुनिया में आयोजित किए गए समारोहों के साथ ही 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अंटानानारिवो, मेडागास्कर में मनाया गया। इसमें मालागासी समाज के विभिन्न वर्गों से 500 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें स्थानीय सरकार के गणमान्य व्यक्ति, राजनयिक दस्तों के सदस्य और प्रवासी भारतीय शामिल थे। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

मेडागास्कर में भारत महोत्सव 2015 हिंद महासागर में भारत महोत्सव के अंग के रूप में सितंबर से अक्टूबर 2015 के दौरान मेडागास्कर के मुख्य शहरों में संस्कृति मंत्रालय, संगीत नाटक अकादमी तथा आई टी डी सी इंडिया द्वारा प्रायोजित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 24 सितंबर को नृत्यरूप डांस मंडली द्वारा एक फ्यूजन डांस परफार्मेंस के साथ महोत्सव का उद्घाटन हुआ। इसके बाद 9 से 12 अक्टूबर के दौरान भांगड़ा नृत्य एवं मेंहदी आर्ट शो का आयोजन किया गया (अंटानानारिवो एवं टोआमासिना में), 9 से 15 नवंबर के दौरान भारतीय खाद्य महोत्सव (अंटानानारिवो में) और 25 से 30 नवंबर के दौरान गुजराती लोकनृत्य (अंटानानारिवो एवं महाजंगा में) का आयोजन किया गया। स्थानीय पी आई ओ के अलावा मेडागास्कर के निवासियों द्वारा इन कार्यक्रमों की खूब प्रशंसा की गई।

दूतावास की पहल पर, एडसिल के एक शिष्टमंडल ने 5 से 11 जून, 2013 के दौरान मेडागास्कर का दौरा किया तथा अंटानानारिवो विश्वविद्यालय एवं मजुंगा विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्यशालाओं / सेमिनारों का आयोजन किया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा उम्मीद है कि उच्च शिक्षा के लिए अपने डेस्टिनेशन के रूप में अनेक छात्र भारत की ओर रूख करेंगे।

आई सी सी आर द्वारा मेडागास्कर के नागरिकों को पूर्णत: संदत्त छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है तथा वे इसका अधिकतम लाभ उठा रहे हैं। स्व वित्त पोषण वाले छात्र भी भारत के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में, विशेष रूप से बंगलौर, चेन्नई, गोवा और गुजरात में कुछ स्थानों पर पढ़ाई कर रहे हैं।

**संपर्क एवं यात्रा :** विदेशी एयरलाइंस मारीशस, दुबई एवं नैरोबी के माध्यम से भारत के लिए संपर्क प्रदान करती हैं। प्रमुख एयरलाइंस एयर सिशली की सिशली होते हुए उड़ान हाल ही में शुरू की गई है जो अपेक्षाकृत सस्ता विकल्प प्रदान करती है।

**भारतीय समुदाय / डायसपोरा :** मेडागास्कर में भारतीय मूल के व्यक्तियों के संख्या 22,000 के आसपास है जिसमें तकरीबन 2500 भारतीय पासपोर्ट धारक शामिल हैं। इनमें से अधिकतर व्यापार करते हैं परंतु उनमें से कुछ विनिर्माण क्षेत्र एवं अन्य व्यवसायों से भी जुड़े हैं। हाल के वर्षों में अनेक भारतीय पेशेवर मेडागास्कर की विभिन्न कंपनियों में काम कर रहे हैं जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी शामिल हैं। मेडागास्कर के आर्थिक विकास में भारतीय समुदाय एवं डायसपोरा द्वारा जो भूमिका निभाई गई है उसकी प्रशंसा हर स्तर पर की जाती है। भारतीय डायसपोरा के कुछ व्यक्ति काफी प्रभावशाली हैं तथा मेडागास्कर के कुल जीडीपी में उनका योगदान उल्लेखनीय है। भारतीय डायसपोरा मेडागास्कर में भारतीय संस्कृति एवं परंपरागत मूल्यों को बनाए रखने एवं बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो की वेबसाइट:
www.embassyofindia.mg
भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/IndiaInMadagascar
भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो का ट्विटर अकाउंट:
https://twitter.com/indembtana
भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो का यूट्यूब चैनल :
https://www.youtube.com/channel/UCRiM_YUXv9KnKxyVTR3XiGw

***

**जनवरी, 2016**